देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 30.08.2026

समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का जिक्र किया।
- युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने दिल्ली में फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के 88वें संस्करण में हिस्सा लिया।
- हरिद्वार में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए।
- देहरादून समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश का दौर जारी है।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के 137वें संस्करण में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का जिक्र किया। श्री मोदी ने कहा कि यह अभियान इस समय पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिसका लक्ष्य नशा मुक्त युवा, डग्स फ्री इंडिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नशे की लत सिर्फ एक व्यक्ति को अपने लपेटे में नहीं लेती, इसके दुष्परिणाम पूरे परिवार और समाज को भी झेलने पड़ते हैं।

प्रधानमंत्री ने नशा मुक्त भारत के लिए पॉवरफुल स्लोगन सोर्ट

प्ले बनाने की अपील की है।

**खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया**

युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के 88वें संस्करण में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ब्रिक्स के सहयोग से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया।

डॉ. मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के साथ–साथ प्रदूषण और ट्रैफिक की समस्या कम करने में भी मददगार है। उन्होंने युवाओं से रोज़ाना कम से कम एक घंटा खेल और शारीरिक गतिविधियों के लिए देने की अपील की।

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी युवाओं से फिट इंडिया अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश को फिट, मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।?

## नेपाल

नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण ने बाढ़ से आज 669 शव बरामद किए हैं। वहीं, 287 भारतीय नागरिकों सहित 2 हज़ार से अधिक लोग लापता हैं। जिसमें अन्य देशों के राष्ट्रीयता रखने वाले भारतीय मूल के तकरीबन 128 लोग भी शामिल हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि बुधवार को नेपाल में आई बाढ़ के बाद से अभी तक 88 भारतीय नागरिकों को बचाया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि रासुवा में जल विद्युत परियोजना से आज चार भारतीय नागरिकों को बचाया गया। इसके अलावा चीन से 120 भारतीय नागरिक नेपाल आ गए। मंत्रालय ने कहा है कि भारत से 6 फोरेंसिक विशेषज्ञों के आज काठमांडू पहुंचने की संभावना है। ये विशेषज्ञ मृतकों की पहचान के लिए डीएनए नमूनों की जांच में मदद करेंगे। सुरंग बचाव अभियान में मदद करने के लिए कल एक विशेषज्ञ तकनीकी दल काठमांडू पहुंच गया। इसके अलावा संबंधित उपकरणों से सुसज्जित सुरंग बचाव अभियान दल के आज काठमांडू पहुंचने की संभावना है।

## ग्लेशियर झील

नेपाल में ग्लेशियर झील फटने से हुई तबाही के बाद उत्तराखंड में इसे लेकर विशेष सर्तकता बरती जा रही है। प्रदेश में सैकड़ों ग्लेशियर झीलें मौजूद हैं, जिनमें कुछ को संभावित रूप से बेहद संवेदनशील माना गया है। ऐसे में समय रहते इनकी निगरानी और अर्ली वार्निंग सिस्टम मजबूत किया जा रहा है। हिमालयन वाडिया इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉक्टर विनीत गहलोत के मुताबिक उत्तराखंड में करीब 426 ग्लेशियर झीलें मौजूद हैं। इनमें से 13 झीलों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने खतरनाक श्रेणी में चिन्हित किया है।

हरिद्वार

हरिद्वार में सड़कों को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने हरिद्वार–नजीबाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर मंगलौर तक सड़क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को सड़क पर मौजूद सभी गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 15 अक्टूबर तक जनपद की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे होने वाले अतिक्रमण पर भी सख्ती दिखाई। सड़क किनारे लगने वाली रेडी–ठेलियों और अन्य अस्थायी अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई और साफ–सफाई कराने को कहा गया है, ताकि वाहन चालकों को बेहतर दृश्यता मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।

**दल का चयन**

पिथौरागढ़ जिले में वर्ष 2027 में गणतंत्र दिवस की परेड के लिए एनसीसी की 80वीं उत्तराखंड वाहिनी ने 45 सदस्यीय दल का चयन किया गया। पुलिस लाइन में चली दो हफ्ते की कठिन चयन प्रक्रिया में पिथौरागढ़ और चंपावत जिले के एनसीसी कैडेट शामिल रहे। चयन प्रक्रिया से गार्ड ऑफ ऑनर में आठ, कर्तव्य पथ के लिए 13, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11, बेस्ट कैडेट के लिए आठ और यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए पांच कैडेटों को चुना गया। दो कैडेट को रिजर्व रखा गया है। चयन प्रक्रिया कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल देवेश सिंह ऐरी के निर्देशन और प्रशासनिक अधिकारी मेजर संध्या सिंह की देखरेख में चली।

**दल का चयन**

पिथौरागढ़ जिले में वर्ष 2027 में गणतंत्र दिवस की परेड के लिए एनसीसी की 80वीं उत्तराखंड वाहिनी ने 45 सदस्यीय दल का चयन किया गया। पुलिस लाइन में चली दो हफ्ते की कठिन चयन प्रक्रिया में पिथौरागढ़ और चंपावत जिले के एनसीसी कैडेट शामिल रहे। चयन प्रक्रिया से गार्ड ऑफ ऑनर में आठ, कर्तव्य पथ के लिए 13, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11, बेस्ट कैडेट के लिए आठ और यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए पांच कैडेटों को चुना गया। दो कैडेट को रिजर्व रखा गया है। चयन प्रक्रिया कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल देवेश सिंह ऐरी के निर्देशन और प्रशासनिक अधिकारी मेजर संध्या सिंह की देखरेख में चली।

**उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित धराली गांव की 30 बुजुर्ग महिलाओं को दीनदयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना के तहत बद्रीनाथ धाम की यात्रा के लिए रवाना किया गया। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित चार दिवसीय इस तीर्थ यात्रा को लेकर बुजुर्ग महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। जिला र्प्यटन अधिकारी खुशाल सिंह नेगी ने बताया कि दीनदयाल मातृ–पितृ तीर्थाटन योजना के तहत धराली गांव की 30 बुजुर्ग महिलाओं को आज बद्रीनाथ धाम के लिए रवाना किया गया है। यह योजना प्रदेश के सभी जिलों में संचालित की जा रही है, जिसके तहत ऐसे बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराई जाती है, जो आर्थिक या अन्य कारणों से स्वयं यात्रा करने में सक्षम नहीं होते।